# D - 39

## CONTINUOUS & COMPREHENSIVE EVALUATION
## SUMMATIVE ASSESSMENT - I - DECEMBER 2021

**First Language - HINDI**

**PART - A & B**

**VI Class]** **(Max.Marks: 80)** **[ Time: 2:45 Hrs.**

---

**Marks: 60]** **Part - A** **[Time: 2.15 Hrs.**

***Instructions:***

*i) Read the following question paper and understand every question thoroughly without writing anything.*

*ii) Answer the questions under Part-A on a separate answer booklet.*

*iii) Part-B will be given separately. Write all the answers of Part-B on question paper itself and attach it to answer book of Part-A.*

* * *

*I. निम्न लिखित पद्यांश की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए ।* *1x5=5*

1. मेहनत अपने लेख की रेखा, मेहनत से क्या डरना
कल गैरों की खातिर की, आज अपनी खातिर करना
अपना दुख भी एक है साथी, अपना सुख भी एक
अपनी मंजिल सच की मंजिल, अपना रस्ता नेक
साथी हाथ बढ़ाना ।

*II. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए ।* *5x1=5*

आओं बच्चों तुम्हें बताएं
कहानी आज दीवाली की;
दीपों का यह पवित्र पर्व है
कथा इसकी खुशहाली की

भगवान राम-रावण को मार
जब अयोध्या को थे आये;
भारत वर्ष के कुटीर, महल
असंख्य दीपों से जगमगाए ।

*[Turn Over*

*प्रश्न:*

2. कविता में किस त्यौहार का वर्णन किया गया ?
3. दीपों का पर्व कैसा है ?
4. रामजी कहाँ आये थे ?
5. असंख्य दीपों से क्या जगमगाए ?
6. उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक क्या होगा ?

***III. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए ।*** ***5x1=5***

राम के वन जाने से अयोध्या की प्रजा बहुत दुखी हुई । वन जाते समय वे श्रुंगबेरपुर पहुँचे। वहाँ निषादराज गुह ने उनकी बड़ी सेवा की । मार्ग में उन्हें गंगा नदी पार करनी थी । केवट बहुत चतुर था । उसे राम की महिमा मालूम हो गयी थी । वह उनकी सेवा करना चाहता था । उसने बड़ी चतुराई से कहा - 'मैं आपको इस प्रकार अपनी नाव में नहीं चढाऊँगा । आपके छूने से तो पत्थर भी नारी बन जाती हैं । कहीं मेरी काठ की नाव न नारी बन जाये । मेरे पास परिवार को पालने का यही एक सहारा है । अतः नाव में चढ़ाने से पहले मैं आप के पाँव धोऊँगा' । राम मुस्काराये और अनुमति देदी। इस प्रकार केवट ने उन्हें गंगा के पार उतारा । वन जाते समय मार्ग में भरद्वाज मुनि व वाल्मीकि ॠषि से मिले । उनके सुझाव पर वे चित्रकूट में निवास करने लगे ।

*प्रश्न:*

7. अयोध्या की प्रजा क्यों दुखी हुई ?
8. केवट को क्या पता चल गया था ?
9. श्रुंगबेरपुर वन में उनकी सेवा किसने की थी ?
10. मार्ग में वे किनसे मिले ?
11. उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

*[Contd...on 3rd page*

***IV. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए ।*** ***5x1=5***

स्वस्थ जीवन शैली एक अच्छे जीवन की नींव है । हमारे बुजुर्ग अकसर पौष्टिक भोजन खाने, समय पर सोने समय पर जागने की सलाह देते है । स्वस्थ जीवन जीने के लिए एक स्वस्थ आहार योजना का पालन करना बेहद महत्वपूर्ण हैं । हर सुबह जल्दी उठने और व्यायाम करने का नियम बनाएँ, जिससे आपका स्वास्थ और दिनचर्या अच्छी हो । स्वस्थ जीवन शैली के सकरात्मक तथ्यों के बारे में स्वयं को याद दिलाएँ । अपनी अस्वास्थ्य कर आदतों को छोड़कर स्वस्थ आदतों का अभ्यास करें । स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन और मस्तिष्क का निवास होता है ।

***प्रश्नः***

12. अच्छें जीवन की नींव क्या है ?
13. हमारे बुजुर्ग क्या सलाह देते हैं ?
14. स्वस्थ जीवन के लिए क्या महत्वपूर्ण है ?
15. सुबह जल्दी उठने और व्यायाम करने का क्या परिणाम होता है ?
16. गद्यांश का विषय क्या है ?

***V. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार पंक्तियों में लिखिए ।*** ***4x3=12***

17. चाँद तारों से जुड़ी चादर ओढ़कर क्यों बैठा है ?
18. हम अपनी किस्मत कैसे बना सकते हैं ? साथी हाथ बढ़ाना कविता के आधार पर उत्तर लिखिए ।
19. अक्षरों की खोज कैसे हुई ?
20. लेखिका चीजों को कैसे पहचान लेती थी ?

*[Turn Over*

*VI. निम्न लिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए ।* *1x6=6*

21. किताबों के बिना भी हमें पुराने जमाने के बारे में कैसे मालूम होता हैं ?

22. लेखिका का चश्मा क्यों नहीं उतरा ? 'बचपन' पाठ के आधार पर अपने शब्दों में लिखिए ।

*VII. निम्न लिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए ।* *1x6=6*

23. 'अपनी मंजिल कैसी होनी चाहिए'-साथी हाथ बढ़ाना कविता के आधार पर लिखिए ।

24. 'चाँद को पोशाक पहनना मुश्किल है, क्यों ? 'चाँद से थोड़ी सी गप्पें । कविता के आधार पर अपने विचार लिखिए ।

*VIII. निम्न लिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।* *1x6=6*

25. 'झाँसी की रानी' कविता के आधार पर रानी लक्ष्मीबाई के बारे में लिखिए ।

26. छोटे बने रहने से क्या फायदे हैं ? 'मैं सबसे छोटी होऊँ' पाठ के आधार पर अपने विचार लिखिए ।

*IX. निम्न लिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।* *2x5=10*

27. कोविड़-19 की सुरक्षा पर दो मित्रों का वार्तालाप लिखिए ।

28. दशहरे की छुट्टियों में अपने घर आमंत्रित करते हुए मित्र को पत्र लिखिए ।

29. 'सड़क सुरक्षा-पर एक पोस्टर बनाइए ।

* * * * *

**D - 39 A**

**CONTINUOUS & COMPREHENSIVE EVALUATION**

**SUMMATIVE ASSESSMENT - I - DECEMBER 2021**

**First Language - HINDI**

**PART - B**

**VI Class]** **(Max.Marks: 20)** **[Time: ½ Hr.**

**Student Name ...................................................... Roll No. ......................................**

***Instructions:***

*i) Answer all the questions in this part on the questions paper itself and attach it to answer booklet of Part-A.*

*ii) Candidates must use Capital Letters while answering the multiple choice questions.*

* * *

*I. निम्न लिखित प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए ।* *8x1=8*

1. राम----कुत्ते को दूध पिलाया । *(उचित शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)* (  )

A) में B) के

C) ने D) से

2. स्त्रियाँ <u>जल</u> लाने तालाब की ओर गयी । (  )

*(रेखांकित शब्द का पर्यायवाची शब्द पहचानिए)*

A) पानी, वारी B) जल, वन

C) बादल, नीर D) पानी, बरसात

3. मोहन का स्वभाव <u>कठोर</u> है । *(रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानिए)* (  )

A) पत्थर B) कोमल

C) अच्छा D) बुरा

4. सही वर्तनीवाला शब्द पहचानिए । (  )

A) पृथ्वी B) पुत्वी

C) प-त्वी D) पृतथ्वी

***[Turn Over***

5. <u>अध्यापिका</u> कक्षा में मौजूद है । *(रेखांकित शब्द का लिंग बदलिए)* ( )

A) अध्यापकी B) अध्याप्रकों

C) अध्यिपका D) अध्यापक

6. <u>पुस्तक</u> यहाँ रखिए । *(रेखांकित शब्द का बहुवचन पहचानिए)* ( )

A) पुस्तकी B) पुस्तकें

C) पुस्तकों D) पुस्तक

7. तालाब के किनारे अनेक <u>पेड़</u> है । *(रेखांकित शब्द का समानार्थी शब्द है)* ( )

A) वृक्ष B) लता

C) जंगल D) नदी

8. दूसरों की बात में .......अच्छी आदत नहीं होती । ( )

*(उचित मुहावरे से रिक्त स्थान भरिए)*

A) मुँह हाथ उड़ाना B) टाँग अड़ाना

C) सिर उड़ाना D) कान खींचना

***II. निम्न लिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए ।*** ***2x1=2***

9. दिलचस्पी :

10. आशीर्वाद :

***III. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।*** ***10x1=10***

11. आम ---------है । ***(उचित गुणवाचक विशेषण शब्द से रिक्त स्थान भरिए)***

12. मोहन उसका घर गया । ***(वाक्य का शुध्द रुप लिखिए)***

***[Contd..on 3rd page***

13. यह सड़क बहुत पथरीली है । *(रेखांकित शब्द का प्रत्यय पहचानिए)*

14. गजेंद्र अच्छा पढ़ता है । *(रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए)*

15. मैं ने बहुत प्रयत्न किया -----सफल नहीं हो सका ।

*(उचित अव्यय से रिक्त स्थान भरिए)*

16. बचपन बहुत ही मधुर होता है । (वाक्य में संज्ञा शब्द पहचानकर लिखिए)

17. गाड़ीवाला गाड़ी ------पहिया ठीक कर रहा था । *(रिक्त स्थान के लिए उचित शब्द लिखिए)*

18. 'जीव' *शब्द में उपयुक्त उपसर्ग जोड़कर लिखिए ।*

19. रमा फल काट रही है । *(वाक्य में क्रिया शब्द पहचानिए)*

20. राम चाय पीता है । *(वाक्य नकारात्मक रुप में लिखिए)*

* * * * *